प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
16.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे

मुख्य समाचार'

- प्रधानमंत्री ने हरित विकास और शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जताई भारत की प्रतिबद्धता।
- समग्र जल विद्युत क्षमता में सर्वोच्च उपलब्धि हासिल करने पर हिमाचल को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है हिमाचल।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा सौ दिन के कार्यकाल में किए गए कार्यों को सराहा।

ऊर्जा निवेशक सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरित विकास और शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने आज गुजरात के गांधीनगर में वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का भी लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकासशील देश होने के बावजूद भारत ने निर्धारित जलवायु प्रतिबद्धताओं को तय समय से नौ वर्ष पहले ही हासिल कर लिया है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से, भारत का हर घर बिजली उत्पादक बन जाएगा। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 3 लाख से अधिक घरों में छत पर सौर पैनल लगाए गए हैं। उन्होंने युवाओं के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त नौकरी और कौशल के अवसरों पर भी बल दिया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जलवायु समर्थक सिद्धांत भारत की प्रतिबद्धता का प्रमुख हिस्सा है। उन्होंने देश के 17 शहरों को सौर शहर के रूप में विकसित करने की योजना की भी बात की।

पुरस्कार

इस बीच केंद्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज गांधीनगर में हुए समारोह में हिमाचल को समग्र जल विद्युत क्षमता में सर्वोच्च उपलब्धि हासिल करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राज्य सरकार की ओर से मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर व विधायक नीरज नैय्यर ने ये पुरस्कार हासिल किया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा है कि राज्य सरकार जल विद्युत व नवीकरणीय ऊर्जा के दोहन पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि 31

मार्च 2026 तक राज्य सरकार ने प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 महीने के रिकॉर्ड समय के भीतर पेखूबेला स्थित 32 मैगावॉट सोलर प्लांट का संचालन शुरू कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन की नई पहल करते हुए वित्तीय अर्थव्यवस्था सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। शिमला से आज एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के एक कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र के पास हिमाचल की 23 हज़ार करोड़ रूपये की राशि लंबित है और इसमें से 9 हज़ार 3 सौ करोड़ रूपये पिछले वर्ष हुई प्राकृतिक आपदा के बाद किए गए आकलन से संबंधित है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने भाखड़ा बांध प्रबंधन बोर्ड के मामले में हिमाचल के पक्ष में फैसला सुनाया है, लेकिन बोर्ड ने अभी तक प्रदेश को 4 हज़ार 5 सौ करोड़ रूपये का बकाया नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि ये धनराशि मिलने से हिमाचल आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को जल्द हासिल करेगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने नकदी प्रवाह असंतुलन को ठीक करने का निर्णय लिया है, जिसके चलते सरकारी विभागों के कर्मचारियों को महीने की 5 तारीख को वेतन मिल रहा है।

याचिका निरस्त

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्यसभा चुनाव प्रकिया पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका को निरस्त करने से इनकार कर दिया है। इस याचिका को निरस्त करने को लेकर सांसद हर्ष महाजन ने अदालत से अपील की थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने ऐसा करने से इनकार कर दिया है। हर्ष महाजन के अधिवक्ता विक्रांत ठाकुर ने बताया कि अदालत ने हर्ष महाजन को इस संबंध में 2 सप्ताह के भीतर जवाब देने के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी को प्रदेश में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के हर्ष महाजन ने कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को हराया था और अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव में पर्ची प्रकिया अपनाने को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज सोलन ज़िले के गण की सेर में माधव सृष्टि बहुआयामी शिक्षण संस्थान का लोकार्पण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को गुणात्तक व नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने के लिये प्रेरित किया जाना चाहिये ताकि वे समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बन सकें। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि समाज को बदलने व भारतीय परंपराओं के अनुरूप उत्कृष्ट सांस्कृतिक मूल्यों को बनाये रखने में अध्यापक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में देश में 15 लाख करोड़ की विभिन्न योजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि मात्र सौ दिन में विकास की ऐसी गाथा लिखने की क्षमता विश्वभर में सिर्फ नरेंद्र मोदी के पास है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के सभी देश भारत की ओर आशाभरी नज़रों से देख रहे हैं और भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से उभरती अर्थव्यव्थाओं में से एक है। जयराम ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर भाजपा कल 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। कल प्रदेश के सभी संगठनात्मक ज़िलों में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे और सभी पोलिंग बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान चलाएंगे।

ईद मिलाद–उन–नबी

पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर देश में आज ईद मिलाद–उन–नबी का त्योहार धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मिलाद महफिल और सीरत सम्मेलनों का आयोजन किया गया जिनमें पैगम्बर मोहम्मद के जीवन और उनके शिक्षाओं के बारे में बताया जाता है। प्रदेश के कई भागों में इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस भी निकाले। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलाद–उन–नबी के अवसर पर देश के नागरिकों, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को बधाईयां दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि पैगम्बर ने सभी लोगों को प्रेम व भाईचारे की भावना मजबूत करने के लिए प्रेरित किया और समाज में समानता और सद्‌भाव पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने अपने बधाई संदेश में आशा व्यक्त की है कि सद्‌भाव व एकजुटता हमेशा बनी रहेगी और चारों ओर खुशी व समृद्धि होगी।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के दत्तनगर में ज़िला स्तरीय अंडर–19 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 7 सौ से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में बच्चों को बेहतर खेलकूद सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही 6 हज़ार 2 सौ एन.टी.टी. अध्यापकों की नियुक्ति की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने दत्तनगर स्कूल में सांईस ब्लॉक के लिए 51 लाख रूपये जारी किए।

संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने आज सोलन ज़िले के अर्की में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सायर उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों को सायर उत्सव की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि यह उत्सव लोगों की आस्था का प्रतीक है और प्राचीन संस्कृति व परंपराओं को संजोए हुए है। संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की में सायर उत्सव की शुरूआत लगभग 3 सौ 80 वर्ष पहले हुई थी और आज भी

यह उत्सव उसी परंपरा व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का सुनियोजित विकास उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

पैराग्लाइडिंग

प्रदेश के अनेक स्थानों पर आज से रीवर राफि्टंग व पैराग्लाइडिंग गतिविधियां फिर से शुरू हो गई हैं। कुल्लू ज़िले में साहसिक गतिविधियां शुरू होने से इस व्यवसाय से जुड़े कारोबारी खुश हैं। मॉनसून सीज़न के कारण ब्यास नदी में साहसिक गतिविधियां 15 जुलाई सं बंद कर दी गई थीं।

आधार अपडेट

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने निशुल्क आधार अपडेट की समय सीमा अवधि आगामी 14 दिसंबर तक बढ़ा दी है। आधार कार्ड धारक इस 90 दिन की समय अवधि में बिना शुल्क के अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। यह सेवा ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी।

सीटू

सीटू के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा है कि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से सांप्रदायिक झगड़े बढ़ रहे हैं और भाजपा व कांग्रेस इसे बढ़ावा दे रहे हैं। विभिन्न वामपंथी संगठनों के आज शिमला में हुए एक सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में विजेंद्र मेहरा ने कहा कि प्रदेशभर में 27 सितंबर को अमन शांति के लिए रैली निकाली जाएगी।

मुख्य समाचार एक बार फिर’

- प्रधानमंत्री ने हरित विकास और शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जताई भारत की प्रतिबद्धता।
- समग्र जल विद्युत क्षमता में सर्वोच्च उपलब्धि हासिल करने पर हिमाचल को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है हिमाचल।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा सौ दिन के कार्यकाल में किए गए कार्यों को सराहा।

..........................................................................................................................................................